# Teach from Home

कोरोना वायरस की वजह से हमने शिक्षकों के लिए, जानकारी और टूल का एक हब तैयार किया है.

ताज़ा जानकारी के लिए g.co/teachfromhome पर जाएं. साथ ही, यह भी देखें कि इसमें कितनी भाषाएं मौजूद हैं.

Google

# घर से पढ़ाना

घर से पढ़ाने का तरीका, स्कूल में पढ़ाने से अलग है. इसलिए, कोरोना वायरस की वजह से हमने शिक्षकों के लिए, जानकारी और टूल का एक हब तैयार किया है.

अगर आप किसी भी सुझाव को आज़माना चाहते हैं, तो शिक्षा के लिए G Suite खाते में साइन इन करें. अगर आपके स्कूल का इसमें खाता नहीं है, तो वह यहां साइन अप कर सकता है.

जैसे-जैसे हम इसपर काम करते रहेंगे, वैसे-वैसे हम ज़्यादा जानकारी जोड़ते रहेंगे. इसलिए, इस पर हमेशा नज़र बनाए रखें और हमें सुझाव भेजते रहें.

# सेट करने का तरीका

1. घर पर अपने लिए काम करने की जगह तय करें
2. एक ‘कक्षा’ बनाएं और छात्र-छात्राओं को न्योता दें
3. वीडियो कॉल सेट अप करें (जैसे कि Meet से)
4. मिलकर काम करें


# घर पर आपके लिए काम करने की जगह

1. घर में ऐसी जगह खोजें जहां वाई-फ़ाई की अच्छी कनेक्टिविटी हो

2. यह ध्यान रखें कि उस जगह पर ज़्यादा से ज़्यादा प्राकृतिक रोशनी हो

3. वेबकैम से प्रस्तुत करते समय ध्यान दें कि आपके पीछे का बैकग्राउंड साफ़-सुथरा हो.

अपने छात्र-छात्राओं के घर को ध्यान में रखें. यह ज़रूरी नहीं कि सबके घर में एक जैसी ही टेक्नोलॉजी हो.




# एक 'कक्षा' बनाएं और छात्रों-छात्राओं को न्योता दें

1. classroom.google.com पर जाएं और + बटन दबाकर एक कक्षा जोड़ें
   *ज़्यादा जानकारी*

2. 'लोग' सेक्शन में जाकर, अपनी कक्षा के छात्रों-छात्राओं को न्योता दें
   *ज़्यादा जानकारी*


3. यह तय करें कि छात्र-छात्राएं कक्षा के दौरान टिप्पणी कर सकते हैं या नहीं
   *ज़्यादा जानकारी*



# वीडियो कॉल सेट अप करें (जैसे कि Meet से)


1. meet.google.com पर जाएं और नई मीटिंग शुरू करें
2. पता बार से यूआरएल कॉपी करें
3. 'कक्षा' में, 'बनाएं' पर क्लिक करें और सामग्री' जोड़ें. इसके बाद लिंक को चिपकाएं. इससे जब भी आपका लेसन होगा, तब छात्र-छात्राएं कॉल में शामिल हो पाएंगे.

जिन छात्रों-छात्राओं के घर में कंप्यूटर न हो वे Meet ऐप्लिकेशन से शामिल हो सकते हैं.



# मिलकर काम करें.

1. मिलकर काम करने से काम आसान होता है. Google Admin console से आपका आईटी एडमिन इसमें मदद कर सकता है
2. आप लाइव स्ट्रीम भी कर सकते हैं. कक्षा को मज़ेदार बनाने के लिए Slides की Q&A सुविधा का इस्तेमाल करें
3. अपना कैमरा बंद करें और अपनी प्रोफ़ाइल दिखाएं




अपने आईटी एडमिन से पता करें कि हर छात्र-छात्रा के पास अपना G Suite खाता है या नहीं. किसी भी तरह के शेयर किए गए खाते नहीं होने चाहिए.

# पढ़ाने की तैयारी


1. छात्रों-छात्राओं के लिए प्रज़ेंटेशन तैयार करें
2. ऑनलाइन टेस्ट बनाएं
3. Classroom में असाइनमेंट सेट करें

# छात्रों-छात्राओं के लिए प्रज़ेंटेशन तैयार करें

1. Google Slides में नई प्रज़ेंटेशन बनाने के लिए
   यहां क्लिक करें
   *ज़्यादा जानकारी*

2. कक्षा के दौरान सवाल या बातचीत के लिए, प्रज़ेंटेशन को बीच-बीच में रोकने की जगह तय करें

3. सही जगह पर इमेज या वीडियो डालने के लिए 'शामिल करें' मेन्यू का इस्तेमाल करें




# ऑनलाइन टेस्ट तैयार करें

1. forms.google.com पर जाएं और एक नया फ़ॉर्म बनाएं. आप टेंप्लेट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं.
   ज़्यादा जानकारी

2. अपने फ़ॉर्म में एक क्वीज़ तैयार करें. उसमें सही जवाब चुनें और सवालों पर कितने पॉइंट मिलेंगे, यह तय करें
   ज़्यादा जानकारी


3. फ़ॉर्म की झलक देखें और उसे पूरा करें

4. उस पेज के बारे में समझें जिसपर जवाब मिलेंगे



# Classroom में असाइनमेंट सेट करें

1. अपनी 'कक्षा' में क्लासवर्क टैब पर जाएं
2. एक असाइनमेंट तैयार करें और ज़रूरी जानकारी डालें
3. वे सभी फ़ाइलें (जैसे कि वर्कशीट, प्रज़ेंटेशन वगैरह) जोड़ें जो आपके छात्रों-छात्राओं के काम आ सकती हैं. साथ ही, यह भी तय करें कि आप छात्रों-छात्राओं को उन फ़ाइलों को सिर्फ़ देखने का ऐक्सेस देना चाहते हैं या हर एक के लिए उनकी कॉपी बनाना चाहते हैं
   *ज़्यादा जानकारी*
4. [ज़रूरी नहीं] असाइनमेंट को पूरा करने की तारीख और समय सेट करें जिससे वे छात्रों-छात्राओं के Google Calendar में दिखाई दे सकें



# पढ़ाना

1. वीडियो कॉल से शामिल हों
2. अपनी स्क्रीन पेश करें
3. बीच-बीच में सवाल-जवाब लें और समझाएं


# वीडियो कॉल से शामिल हों

1. Google Meet सत्र में शामिल होने के लिए मीटिंग आईडी डालें. आप Classroom सामग्रियों में दिए लिंक पर भी क्लिक कर सकते हैं.
   [ज़्यादा जानकारी]

2. शामिल होने से पहले, आप फ़ोटो की झलक देख सकते हैं. इसके बाद कैमरा या आवाज़ बंद कर सकते हैं.

3. अगर आप लेसन को रिकॉर्ड करना चाहते हैं, तो 'ज़्यादा विकल्प' मेन्यू चुनें
   [ज़्यादा जानकारी]

आपका कैमरा, डेटा का बहुत इस्तेमाल करता है. अपने छात्रों-छात्राओं से भी कैमरा बंद करने के लिए कहें और आसानी से कक्षा को पढ़ाएं.




# अपनी स्क्रीन पेश करें


1. Meet में 'स्क्रीन शेयर करें' , ताकि आप अपनी स्क्रीन (जैसे कि आपकी Google Slides) पेश कर सकें
   [ज़्यादा जानकारी]()

2. जिस स्क्रीन को आप पेश करना चाहते हैं उसे चुनें

3. आपके लिए किसी और डिवाइस (जैसे कि आपका फ़ोन या टैबलेट) से Google Meet का इस्तेमाल करना आसान हो सकता है. इससे आप अपने छात्रों-छात्राओं को देख सकते हैं और पेश करते समय चैट कर सकते हैं


4. स्लाइड में अहम जानकारी को हाइलाइट करने के लिए, प्रज़ेंटेशन मोड में लेज़र पॉइंटर का इस्तेमाल करें



# अपनी कक्षा की परफ़ॉर्मेंस को बेहतर बनाएं

1. समय-समय पर अपने छात्रों-छात्राओं को देखते रहें. मीटिंग के बीच में रुक-रुककर सवाल पूछें या जवाब दें
2. Meet में चैट की सुविधा चालू करें. इससे छात्र-छात्राएं अपने सवाल भी पूछ पाएंगे और पढ़ाई का फ़्लो भी नहीं टूटेगा
3. Google Forms का इस्तेमाल करें. इससे आप झटपट और आसानी से समझ सकते हैं कि छात्र-छात्राओं को लेसन कितना समझ आया



# साथ मिलकर काम करें

'Google डिस्क' में सभी संपादकों (Docs, Sheets, Slides वगैरह) पर 100 उपयोगकर्ता आसानी से एक साथ काम  कर सकते हैं.

1. छात्र-छात्राएं फ़ाइलें बना सकते हैं. साथ ही, अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ शेयर कर सकते हैं. यह ग्रुप में काम करने के लिए बेहतरीन है
   *ज़्यादा जानकारी*

2. वर्शन इतिहास में आप फटाफट हर व्यक्ति का काम देख सकते हैं
   *ज़्यादा जानकारी*

3. हर एक को जवाब या सुझाव देने के लिए तुरंत अपनी टिप्पणियां जोड़ सकते हैं
   *ज़्यादा जानकारी*

